विराट वैभव
नई दिल्ली, शुक्रवार, 14 फरवरी 2020

अब मेट्रो ट्रेन में मनाएं शादी व जन्मदिन का जश्न

इच्छुक आवेदक एक ट्रेन में अधिकतम चार डिब्बों के लिए अनुरोध कर सकते हैं

वैभव न्यूज ■ नोएडा

लोग अब जन्मदिन की पार्टियों, शादी से पहले होने वाले कार्यक्रमों और इसी तरह के अन्य समारोहों के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के डिब्बों को बुक कर सकते हैं। नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने बुधवार को यह घोषणा की। निगम ने एक बयान में कहा, ''एनएमआरसी परिसरों पर फिल्मों की शूटिंग और फोटोग्राफी की अनुमति के बाद एनएमआरसी ने अब जन्मदिन पार्टी, शादी से पहले होने वाले कार्यक्रमों और इसी तरह के अन्य समारोहों के लिए एक और आकर्षक नीति तैयार की है, जिसका मतलब है कि अब यात्रा के साधन के अलावा नोएडा मेट्रो मनोरंजन और समारोहों के लिए एक सुलभ, आकर्षक और किफायती गंतव्य बन जाएगी, जो बहुत ही उचित लागत पर है।' एनएमआरसी ने कहा कि इच्छुक आवेदक एक ट्रेन में अधिकतम चार डिब्बों के लिए अनुरोध कर सकते हैं और बुकिंग करने के लिए, उन्हें कम से कम 15 दिन पहले एक आवेदन जमा करना होगा, जिसे पहले आओ पहले पाओ के आधार पर माना जाएगा। एनएमआरसी द्वारा बुकिंग की पुष्टि किए जाने के बाद आवेदक को लाइसेंस शुल्क जमा करना होगा, जो पांच हजार रुपए से लेकर दस हजार रुपए प्रति घंटे प्रति मेट्रो कोच के हिसाब के अलग-अलग होगा।

कम से कम 15 दिन पहले एक आवेदन जमा करना होगा